>

Title: Need to reconsider the decision to close sugarmill in Basti, Uttar Pradesh.

श्री अरविन्द कुमार चौधरी (बस्ती): सभापति महोदय, मैं आपका धन्यवाद और आभार प्रकट करता हूँ कि आपने मुझे एक महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का मौका दिया।

महोदय, आज हमारे लिए बड़े सौभाग्य की बात है कि आप इस चेयर पर बैठे हैं। मैं बस्ती ज़िले के बस्ती लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से चुनकर आता हूँ। आप भी वहीं के रहने वाले हैं, वहीं से आते हैं। आपसे भी किसानों और कर्मचारियों का प्रतिनिधिमंडल मिला होगा और आपकी जानकारी में भी यह समस्या है और यह एक बड़ा गंभीर विषय है। महोदय, बस्ती ज़िले में बजाज चीनी मिल देश के आज़ाद होने से पूर्व 1926 में स्थापित की गई थी तथा आज तक वह अपना पेराई का काम पूर्ण रूप से कर रही है। मिल निरंतर लाभान्वित हो रही है। किसानों द्वारा अपनी खेती में गन्ने का अधिक उत्पादन होने का आकलन किया गया है, लेकिन उक्त मिल के प्रबंधकों ने मिल बंद करने का नोटिस दिया है, जिससे किसानों का बकाया तथा दैनिक और अस्थायी रूप से कार्य करने वाले कर्मचारियों की रोज़ी रोटी समाप्त होने का खतरा बना हुआ है। **...**(व्यवधान)

सभापति महोदय : रघुवंश जी, आप कृपया बैठें।

श्री अरविन्द कुमार चौधरी : किसानों का बकाया नहीं मिलने से किसान आत्महत्या करने को विवश हो सकते हैं। महोदया, कर्मचारी आंदोलित हैं और लगातार आंदोलन कर रहे हैं। हमारी आपके माध्यम से मांग है कि सरकार आपके माध्यम से हस्तक्षेप करे और बस्ती की मिल, हमारे क्षेत्र की मिल चले। चूँकि **...**(व्यवधान) * वह बजाज ग्रुप के मिल मालिकों से मिली हुई है। मिलीभगत से यह मिल बंद करने की साजिश हो रही है। **...**(व्यवधान)

सभापति महोदय : आप कृपया ऐसे आरोप न लगाएँ। यह रिकॉर्ड में नहीं जाएगा।

â€¦(व्यवधान)

श्री अरविन्द कुमार चौधरी : महोदय, यह साजिश है। **...**(व्यवधान) * मिली हुई है। वहाँ के किसान भुखमरी के कगार पर हैं। **...**(व्यवधान)

सभापति महोदय : आपकी बात आ गई है।

श्री अरविन्द कुमार चौधरी : महोदय मेरा आपसे अनुरोध है कि आप इस मामले में दखल दें। **...**(व्यवधान)

सभापति महोदय : मिल अभी चल रही है, मिल बंद न होने पाए, यह आपने महत्वपूर्ण बात उठाई और सरकार इसको संज्ञान में लेगी कि मिल बंद न होने पाए, क्योंकि किसानों के लिए गन्ना कैश क्रॉप है और उत्तर प्रदेश में खास तौर से पूर्वी उत्तर प्रदेश में गन्ना ही किसानों के लिए ज़िन्दगी है, लाइफलाइऩ है। आपने एक महत्वपूर्ण बात उठाई है। **...**(व्यवधान)

श्री शैलेन्द्र कुमार : अभी शरद पवार जी और मुलायम सिंह जी की बैठक हुई है गन्ना मिलों पर, कि किस प्रकार से सिक मिलों को चालू किया जाए। **...**(व्यवधान)

सभापति महोदय : शैलेन्द्र जी आप बैठ जाएँ।

श्री अरविन्द कुमार चौधरी : महोदय, मैं आपका आभारी हूँ कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया।

सभापति महोदय : शैलेन्द्र जी ने आपको आश्वस्त किया है कि मिल बंद नहीं होगी। उन्हीं की सरकार है, उन्होंने आश्वस्त कर दिया है कि वह मिल बंद नहीं होगी, अच्छी बात है।

श्री पी.एल.पुनिया का नाम श्री अरविन्द कुमार चौधरी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध किया जाता है।